यूको बैंक UCO BANK

सम्मान आपके विश्वास का HONOURS YOUR TRUST

एचओ/राजभाषा/ 11 /(2/5)/2020-21 दिनांक: 24.04.2020

सम्माननीय डॉ एन चंद्रशेखरन नायर
अध्यक्ष
केरल हिंदी साहित्य अकादमी
डी-1, लक्ष्मी नगर, पत्तोम पीओ,
तिरुवनंतपुरम, केरल
पिन - 695 004, ई-मेल- sarada.sunanda@gmail.com

महोदय,

विषय - यूको भारतीय भाषा सौहार्द सम्मान

यूको बैंक, भारत सरकार का एक अग्रणी सरकारी बैंक है जिसका मुख्यालय कोलकाता में स्थित है। यह 6 जनवरी, 1943 को भारत के महान उद्योगपति एवं दूरद्रष्टा **स्व. जी डी बिड़ला** द्वारा स्थापित किया गया और पिछले 77 वर्ष से अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। यूको बैंक अपने 42 अंचल कार्यालय, 8 प्रशिक्षण केंद्र, 34 अग्रणी जिला कार्यालय, 27 आर-सेटी, 3086 शाखाएं भारत में तथा 2 शाखाएं विदेश में और लगभग 22343 कार्मिकों के साथ देश के विकास में तत्पर है। इसके अतिरिक्त, यूको बैंक में राजभाषा विभाग 1972 से सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का कार्य कर रहा है।

यूको बैंक ने वित्तीय वर्ष 2019-20 से संविधान के अनुच्छेद 351 में निहित भावना को ध्यान में रखते हुए राजभाषा हिंदी के बेहतर प्रचार प्रसार हेतु **संकल्प राजभाषा 2020-कार्य-योजना** अंगीकार किया है जिसके अंतर्गत हमारे निम्नलिखित कई कार्यक्रम हैं जिसका अनुपालन संपूर्ण भारत में हमारे सभी 42 अंचलों द्वारा किया जा रहा है -

1. **यूको भारतीय भाषा सौहार्द सम्मान** - हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के मध्य सेतु का कार्य करनेवाले किसी प्रसिद्ध भाषाविद / साहित्यकार / लेखक / शिक्षक के महत्वपूर्ण अवदान को रु. 51,000/- की राशि और स्मृतिका के साथ सम्मानित करना।
2. **यूको मातृभाषा सम्मान** – संघ लेक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा हिंदी / मातृभाषा माध्यम से पास करनेवाले शीर्ष 2 अभ्यर्थियों का सम्मान। संघ लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों को प्रधान कार्यालय द्वारा सम्मान स्वरूप रु.11,000/- तथा स्मृतिका एवं राज्य लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों को अंचल कार्यालय द्वारा सम्मान स्वरूप रु.5000/- तथा एक स्मृतिका प्रदान की गई।

यूको बैंक / UCO BANK राजभाषा विभाग O. L. Dept. प्र०का० कोलकाता H. O. KOL 10, बि.त्रै.म. सरणी / 10, B.T.M. SARANI

3. **यूको राजभाषा सम्मान** - प्रधान कार्यालय एवं प्रत्येक अंचल कार्यालयों द्वारा हिंदी एमए की परीक्षा पास करनेवाले शीर्ष 2 विद्यार्थियों का सम्मान। प्रत्येक को सम्मान स्वरूप रु.5000/- तथा एक स्मृतिका प्रदान की गई।
4. **यूको बैंक जी.डी.बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला** – अपने संस्थापक की स्मृति में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया जिसमें कई वीसी एवं अर्थनीतिज्ञों को व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया।
5. **हिंदी के किसी लोकप्रिय कार्यक्रम का प्रायोजन / सहयोग** - इसके अंतर्गत अपने नगर के किसी कॉलेज/विश्वविद्यालय के छात्रों के लोकप्रिय हिंदी कार्यक्रम का प्रायोजन/सहयोग। प्रधान कार्यालय एवं हमारे अंचल कार्यालय द्वारा कई कार्यक्रमों को सहयोग प्रदान किया गया।

आप विगत 70 वर्षों से हिंदी एवं मलयालम भाषा में अनवरत साहित्य सेवा में लीन रहे हैं। आपने अपनी असंख्य रचनाओं के माध्यम से हिंदी एवं मलयालम भाषा के बीच सुंदर सेतु का निर्माण किया है जो आने वाली कई पीढ़ी को प्रेरित और प्रोत्साहित करेगी। विगत 40 वर्षों से आपके द्वारा स्थापित केरल हिंदी साहित्य अकादमी ने केरल एवं अन्य दक्षिण भारतीय भाषी राज्यों में हिंदी में आलोचनात्मक लेखन को बढ़ावा दिया है।

इसी क्रम में हम अत्यंत हर्ष के साथ आपको सूचित करना चाहते हैं कि यूको बैंक आपके पिछले 70 वर्षों से हिंदी एवं मलयालम भाषा में अनवरत साहित्य सेवा को नमन करते हुए आपको वर्ष 2019-20 का **यूको भारतीय भाषा सौहार्द सम्मान** प्रदान करने का निर्णय करता है। सम्मान स्वरूप इसके साथ आपको रु.51,000/- एवं स्मृतिका प्रदान की जाएगी।

वर्तमान में संपूर्ण भारत में कोरोना महामारी के कारण हम इस सम्मान को आपके हाथों में सौंप नहीं सकते हैं। इस महामारी के पश्चात स्थिति सामान्य होने पर एक सम्मान समारोह आयोजित कर हम यूको भारतीय भाषा सौहार्द सम्मान से आपको सुशोभित करेंगे जिसकी यथासमय सूचना दी जाएगी।

हमारी कामना है - "जीवेम शरदः शतम", आप स्वस्थ रहें और भारतीय भाषाओं पर आपका आशीर्वाद बना रहे।

भवदीय,

(अमलशेखर करणसेठ)
मुख्य प्रबंधक- राजभाषा
प्रभारी एवं संयोजक

यूको बैंक / UCO BANK
राजभाषा विभाग
O. L. Dept.
प्र०का० कोलकाता
H. O. KOL
10, बि.त्रै.म. सरणी / 10, B.T.M. SARANI

राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय, तीसरा तल, 10 वि.त्रै.म. सरणी, कोलकाता 7000001
Official Language Deptt., Head Office, 3rd Floor, 10, BTM Sarani, Kolkata-700 001.
दूरभाष Phone: 033-4455 7384 ई मेल-e-mail: horajbhasha.calcutta@ucobank.co.in